# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम-दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)

Email.-exam@durguniversity.ac.in Website :- www.durguniversity.ac.in Phone No. 0788-2359100


क्र. 442 /परीक्षा/पी–एचडी./कोर्सवर्क/2025 दुर्ग, दिनांक 19/11/2025

## //अधिसूचना//

## पी-एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा 2025 (द्वितीय अवसर)

विश्वविद्यालयीन अध्यादेश कमांक-45 (संशोधित) के प्रावधानानुसार पी-एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा 2025 में अनुत्तीर्ण हुए परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा (द्वितीय अवसर) का आयोजन किए जाने की अधिसूचना एतद द्वारा निम्नानुसार अधिसूचित की जाती है-

1. **विश्वविद्यालय द्वारा पी-एच.डी. (Ph.D.) कोर्सवर्क (द्वितीय अवसर) की लिखित परीक्षा ऑफलाईन माध्यम से दिनांक 26.11.2025 दिन बुधवार को समय प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक परीक्षा केन्द्र - हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) में आयोजित की जाएगी ।**
2. परीक्षार्थी निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।
3. **परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के साथ फोटोयुक्त एक पहचान पत्र यथा-पेनकार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/आधारकार्ड/वोटर आई.डी. आदि लाना अनिवार्य है।**
4. प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.durguniversity.ac.in पर दिनांक 19.11.2025 से डाउनलोड किये जा सकेंगे |
5. पी-एच.डी. कोर्सवर्क से संबंधित लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार के 50 प्रश्नों से युक्त कुल 100 अंकों की होगी। जिसमें दो भाग होंगे। प्रथम भाग में अनुसंधान की प्रविधि, प्रकिया और कम्प्यूटर का अनुप्रयोग से संबंधित 35 प्रश्न एवं द्वितीय भाग में शोध एवं प्रकाशन नैतिकता से संबंधित 15 प्रश्न पूछे जायेंगे।
6. यूजीसी के नियमानुसार शोधार्थी को कोर्सवर्क की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।
7. परीक्षा OMR SHEET आधारित पद्धति से आयोजित की जाएगी |
8. परीक्षा में ऋणात्मक अंक का प्रावधान नही है |
9. **पी-एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा प्रणाली**

   परीक्षा पद्धति - पी-एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा में 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) होंगे।

| प्रश्न | अंक | विवरण |
|---|---|---|
| 01 से 35 प्रश्न | 35 × 02 = 70 अंक | प्रथम भाग - अनुसंधान की प्रविधि, प्रक्रिया और कम्प्यूटर का अनुप्रयोग |
| 36 से 50 प्रश्न | 15 × 02 = 30 अंक | द्वितीय भाग शोध एवं प्रकाशन नैतिकता |
| कुल = 50 प्रश्न | 50 × 02 = 100 अंक | कुल 100 अंक में 55 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। |

10. पी-एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा 2025 (द्वितीय अवसर) निम्नलिखित विषयों के लिये आयोजित होगी-

| | |
|---|---|
| **1. हिन्दी** | **5. मनोविज्ञान** |
| **2. शिक्षा** | **6. समाजशास्त्र** |
| **3. भूगोल** | **7. प्राणीविज्ञान** |
| **4. भौतिकी** | – |

11. परीक्षार्थियों को काले/नीले बॉल प्वाईंट पेन, पानी की पारदर्शी बोतल रखने की अनुमति होगी।
12. उपरोक्त परीक्षा में केवल वे ही परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे जो कोर्सवर्क परीक्षा 2025 में अनुत्तीर्ण हुए हैं।
13. परीक्षा संबंधी किसी भी विवाद पर कुलपति महोदय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ. क्र. 443 /परीक्षा/पी-एचडी./कोर्सवर्क/2025 — दुर्ग, दिनांक 19/11/2025

प्रतिलिपि :-

1. प्राचार्य, समस्त संबंधित शोध केन्द्र/परीक्षा केन्द्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ ।
2. वित्त अधिकारी/अधिष्ठाता छात्र कल्याण/उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव, समस्त विभाग, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
3. कुलपति के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) को सूचनार्थ ।
4. पी-एच.डी. शाखा, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. वि.वि. वेबसाईट प्रभारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) की वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु सूचनार्थ ।
6. मेसर्स, लर्निंग स्पाईरल प्रा.लि., हेमचंद यादव विश्वविद्यालय परिसर, दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
7. सम्पादक, समस्त क्षेत्रों के समाचार पत्रों को सूचनार्थ ।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)